# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–02 दिसम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

संसद के दोनों सदनों में आज लगातार पांचवें दिन विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण रूकावट आई। दोनों सदनों की कार्यवाही बिना किसी विशेष कामकाज के कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। विपक्ष ने एक प्रमुख व्यापारिक समूह के खिलाफ कथित रिश्वतखोरी के आरोपों और उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामा किया। इस कारण कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक और फिर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तीकरण पुरस्कार प्रदान करेंगी। कुल बाईस व्यक्तियों और ग्यारह संस्थानों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार इस अवसर पर दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ करेंगे।

**********

प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के महाकुंभ क्षेत्र को जिला घोषित किया है। यह अस्थायी जिला चार माह के लिये बनाया गया है। यह निर्णय कुंभ मेले के प्रबंधन और प्रशासन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। इस जिले में सम्पूर्ण जिले की तरह ही कार्य होगा। इसके लिये डीएम, एसएसपी सहित सभी विभागों के पद सृजित किये गये हैं। जिले में चार तहसीलों–सदर, सोरांव, फूलपुर और करछना के सड़सठ गावों को शामिल किया गया है। इस वर्ष माघ मेले के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह विचार सामने रखा था। प्रत्येक बारह वर्ष पर लगने वाला महाकुंभ अगले वर्ष तेरह जनवरी से शुरू होगा और छब्बीस फरवरी को संपन्न होगा।

**********

महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को स्थानीय परिवहन के लिए यूपी के स्टार्ट अप कॉम्फी ई मोबिलिटी ऑनलाइन ई रिक्शा और ई ऑटो बुकिंग की सुविधा प्रदान करेगा। यह सेवा पंद्रह दिसम्बर से शुरू हो जाएगी। इन वाहनों के चालकों को आगंतुकों से अच्छा व्यवहार करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा । हिंदी या अंग्रेजी भाषा समझने में दिक्कत का सामना करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी चालकों को गूगल वॉयस असिस्टेंस की ट्रेनिंग भी दी जा रही है। कॉम्फी ई मोबिलिटी की संस्थापक और निदेशक मनु गुप्ता ने बताया कि श्रद्धालुओं को सस्ती राइड की सुविधा देने के लिए चालकों से कमीशन भी नहीं लिया जाएगा।

**********

संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई एडवांस अगले वर्ष अठारह मई को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी कानपुर के जेईई एडवांस दो हजार पच्चीस के आयोजन अध्यक्ष ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा का पहला प्रश्नपत्र सुबह नौ बजे से बारह बजे तक और दूसरा प्रश्नपत्र अपराह्न ढाई बजे से साढ़े पांच बजे तक होगा। दोनों प्रश्न पत्रों को देना अनिवार्य है।

**********

वाराणसी में नमामि गंगे द्वारा दशाश्वमेध घाट पर आज स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में विदेशी पर्यटकों ने भी सक्रिय भागीदारी की । नमामि गंगे के काशी क्षेत्र के संयोजक व नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर राजेश शुक्ला के नेतृत्व में इस अभियान के अमेरिका से आए पर्यटकों ने स्वच्छता स्लोगन लिखी तख्तियों ने लोगों को खासतौर पर आकर्षित किया।

**********

कुशीनगर जिले में अयोध्या, वाराणसी और आगरा की तर्ज पर पर्यटक पुलिस की तैनाती होगी। पर्यटक पुलिस के रूप में पूर्व सैनिकों की तैनाती के लिए प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। उप निदेशक पर्यटन रवींद्र कुमार ने बताया कि पर्यटन पुलिस की तैनाती महापरिनिर्वाण बुद्ध मन्दिर,माथा कुंवर बुद्ध मन्दिर और रामाभार स्तूप सहित कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भी होगी। यह पुलिस पर्यटकों को गाइड व सुरक्षा देने के साथ अन्य आवश्यक सहयोग भी करेगी।

**********

भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा अपनी एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर राष्ट्रीय मौसम ओलम्पियाड का आयोजन मेट ओलम्पियाड नाम से किया जा रहा है । मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के प्रमुख द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। यह ओलम्पियाड कक्षा आठ, नौ और ग्यारह के विद्यार्थियों को मौसम और जलवायु के बारे में अपनी जानकारी प्रदर्शित करने का अवसर होगा। इसमें शामिल होने के लिए दस दिसम्बर तक पंजीकरण कराया जा सकेगा। इसके लिए चौदह और पंद्रह दिसम्बर को राज्य स्तरीय परीक्षा कराई जाएगी। विस्तृत विवरण के लिए विभाग की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट मौसम. आईएमडी डॉट जीओवी डॉट इन स्लैश एमईटी डैश ओएलवाई स्लैश पर लॉगिन कर सकते हैं।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने अगले तीन दिनों के बाद अधिकतम तापमान में और अड़तालिस घंटे के बाद न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस के गिरावट का पूर्वानुमान जताया है। विभाग द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार अगले एक हफ्ते तक प्रदेश में कई स्थानों पर सुबह के समय धुंध के साथ हल्का कोहरा भी छाया रहेगा।

**********